**Ans. (a) :** राजस्थान में चमड़ा पार्क ''मानपुरा-माचेड़ी'' जयपुर में स्थित है। अतः विकल्प (a) सही सुमेलित नहीं है। राजस्थान में स्थित प्रमुख औद्योगिक पार्क और संबंधित स्थल (जिले) निम्नलिखित हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | जापानी पार्क | - | नीमराना (अलवर) |
| (ii) | स्पाईस पार्क | - | जोधपुर, कोटा |
| (iii) | सिरैमिक पार्क | - | खारा (बीकानेर) |
| (iv) | पुष्प पार्क | - | खुशखेड़ा (अलवर) |
| (v) | स्टोन पार्क | - | धौलपुर, मण्डोर (जोधपुर) |
| (vi) | होजरी पार्क | - | चोपंकी, अलवर |

**2048. राजस्थान सरकार द्वारा लाँच किए गए वनस्टॉप सोल्यूशन का नाम क्या है, जो स्टार्टअप व वेंचर केपिटेलिस्ट के लिए हैं?**

(a) istart (b) businessstart
(c) moneystart (d) Rajasthansupport

**I.A. 2018**

**Ans. (a) :** istart राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजित करने और राज्य में निवेश की सुविधा के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। यह एक एकीकृत व्यापक मंच है जो स्टार्टअप, निवेशकों, इन्क्यूबेटरों, एक्सेलेरेटरों और सलाहकारों के लिए अपनी तरह का एक एकल खिड़की संसाधन है।

**2049. चंदेरिया सीसा-जस्ता स्मेल्टर प्लांट स्थित है-**

(a) चित्तौड़गढ़ में (b) उदयपुर में
(c) भीलवाड़ा में (d) राजसमंद में

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022**

**Ans. (a) :** चंदेरिया सीसा-जस्ता स्मेल्टर प्लांट राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है। यह विश्व के बड़े सीसा जस्ता स्मेल्टर प्लांटों में से एक है। यह चांदी सहित कई मूल्यवान उप-उत्पादों का भी उत्पादन करता है।

**2050. राजस्थान में पहला वस्त्र उद्योग स्थापित किया गया था—**

(a) 1906 में (b) 1925 में
(c) 1938 में (d) 1889 में

**Pradhyapak School Siksha 2011**

**Ans. (d) :** राजस्थान की प्रथम सूती वस्त्र मिल की स्थापना 1889 में सेठ दामोदर दास राठी व श्याम जी कृष्ण वर्मा ने 'दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड' के नाम से ब्यावर में की थी।

**2051. निम्नांकित में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**

| उद्योग | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| (a) सीमेन्ट | - | मोड़क |
| (b) उर्वरक | - | गढ़ेपान |
| (c) ग्लास (काँच) | - | लीलवानी |
| (d) ताँबा | - | खेतड़ी |

**RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है-

| उद्योग | - | अवस्थिति |
|---|---|---|
| सीमेन्ट | - | मोड़क |
| उर्वरक | - | गढ़ेपान |
| ग्लास (काँच) | - | धौलपुर |
| ताँबा | - | खेतड़ी |

**2052. राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कौन सा है?**

(a) बाजार
(b) कच्चे माल की उपलब्धता
(c) शक्ति संसाधनों की उपलब्धता
(d) प्रशिक्षित श्रमिक

**RPSC College Lecturer 31-10-2018**

**Ans. (b) :** राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारण कच्चे माल की उपलब्धता है। राजस्थान में प्रथम सीमेंट कारखाना लखेरी क्षेत्र (बूंदी) में स्थापित किया गया। राजस्थान में प्रथम सफेद सीमेंट का कारखाना सन् 1984 ई. में जे.के.बिड़ला द्वारा नागौर में स्थापित किया गया।

**2053. गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड ने चुकंदर से चीनी बनाना कब से प्रारम्भ किया था?**

(a) 1968 (b) 1967
(c) 1963 (d) 1969

**RPSC SI 14-09-2021**

**Ans. (a) :** गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड में चुंकदर से चीनी बनाने की योजना वर्ष 1968 में शुरू की गयी। हांलाकि जल्दी ही इसे बंद कर दिया गया। राजस्थान की पहली चीनी मिल दी मेवाड़ शुगर मिल्स' है जो भोपाल सागर में वर्ष 1932 में स्थापित की गयी थी।

**2054. राजस्थान में स्थित निम्न औद्योगिक उपक्रमों में से कौन सा भारत सरकार का उपक्रम नहीं है?**

(a) इंस्टुमेंटेशन लिमिटेड, कोटा
(b) सांभर साल्ट्स लिमिटेड, सांभर
(c) मॉडर्न बेकरीज इंडिया लिमिटेड, जयपुर
(d) श्रीगंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड, श्रीगंगानगर

**RPSC RAS/RTS -1999-2000**
**RPSC SI 03-09-2021**

**Ans. (c) :** माडर्न बेकरीज इंडिया लिमिटेड, जयपुर की स्थापना 1965 में की गई थी। वर्ष 1982 में इसका नाम माडर्न फूड्स इंडिया लिमिटेड किया गया। माडर्न फूड्स देश का प्रथम सार्वजनिक उपक्रम है जिसका निजीकरण वर्ष 2000 में किया गया। इसे हिन्दुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड ने खरीदा था। वर्तमान में इसका स्वामित्व एवरस्टोन कैपिटल के पास है।

**2055. राजस्थान में औद्योगिक विकास हेतु जापानी जोन कहाँ विकसित किया गया है?**

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) अलवर (d) अजमेर

**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018**

**Ans. (c) :** राजस्थान में औद्योगिक विकास हेतु जापानी जोन अलवर (नीमराणा) क्षेत्र में विकसित किया गया है। रीको और जेट्रो के बीच हुए एमओयू (MOU) के परिणामस्वरूप यहाँ 1,167 एकड़ क्षेत्र में देश का पहला जापानी इन्वेस्टमेंट जोन बनाया गया। वर्तमान में इस जोन में 45 कंपनियों द्वारा 670 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है।